# Press Clippings

## Haryana

जींद भास्कर

19.8.2016 8 पिल्लूखेड़ा ■ जुलाना उचाना ■ शामलो कलां ■ अलेवा

# बरटा गांव में सफाई अभियान चलाकर मनाया गया शहीदी दिवस

भास्कर न्यूज़ | नरवाना

शहीद उधम सिंह युवा क्लब बरटा द्वारा गांव के राजकीय कन्या पाठशाला में शहीद उधम सिंह का शहीदी दिवस मनाया गया। इस दौरान शहीद उधम सिंह युवा क्लब के अध्यक्ष सेवा सिंह और उपाध्यक्ष राजेश कुमार भी मौजूद रहे। इस अवसर पर पूरे गांव में सफाई अभियान भी चलाया गया। सेवा सिंह ने कहा कि देशभक्तों की कुर्बानी के कारण ही हमें आजादी मिली है। इसके कारण आज हम सुख की सांस ले रहे हैं। कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि किसी के अंदर द्वेष की भावना नहीं होनी चाहिए, क्योंकि द्वेष के कारण ही आपसी मन-मुटाव पैदा होता है।

उन्होंने लोगों से प्रेमपूर्वक रहकर देशभक्ति के मार्ग पर चलने की अपील की। राजेश कुमार ने कहा कि शहीद उधम सिंह महान क्रांतिकारी थे। उन्होंने जलियांवाला बाग में हुए हमले का बदला 21 साल बाद लिया था। उन्होंने कहा कि देशभक्तों के बताए मार्ग पर चलना ही देशभक्ति है। इस मौके पर भंगीदास सोहनलाल, विनोद, दिलबाग, श्याम मलिक, दीपक मलिक, रोहताश, कमलकांत, फूलकुमार, जिले सिंह उपस्थित रहे।



नरवाना. शहीद उधम की फोटो की पुष्प अर्पित करतीं महिलाएं।



नरवाना. बरटा गांव में सफाई करते ग्रामीण।

## शहीद सरदार उधम सिंह को किया नमन

जुलाना | शहीद-ए-आजम सरदार उधम सिंह के शहीदी दिवस पर वेद प्रचार सभा ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की शुरुआत हवन कर की गई। हवन में लोगों ने आहुति डाली और क्षेत्र की सुख एवं शांति के लिए कामना की। कोषाध्यक्ष वीरेंद्र आर्य ने कहा कि हमें शहीदों के बलिदानों को कभी भूलना नहीं चाहिए। सरदार उधम सिंह ने जलियांवाला बाग में हुए हत्याकांड के समय पंजाब के गवर्नर जनरल को लंदन में जाकर गोली मारी थी। जिस कारण अंग्रेजों ने उन्हें फांसी दी थी। देश को आजाद करवाने में सरदार उधम सिंह का अहम योगदान रहा है। हमें शहीदों के बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए और समाज में फैली बुराइयों को जड़ से खत्म करने में योगदान देना चाहिए।

जींद केसरी

SUNDAY, AUGUST 28, 2016. तापमान अधिकतम 32° | न्यूनतम 27° आज वर्षा हो सकती है। सूर्योदय 05.57 सूर्यास्त 06.47 JIND KESARI

# जहां सफाई होती है वहां देवता करते हैं वास : रोशनलाल



*गांव की गलियों की सफाई करते ग्रामीण।* (प्रवीण)

सफीदों, 27 अगस्त (प्रवीन): गांव रत्ताखेड़ा में इंद्रधनुष कार्यक्रम के तहत सफाई अभियान चलाया गया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में तहसीलदार रोशन लाल पाशी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की व कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव की महिला सरपंच पिंकी ने की।

इस सफाई अभियान में गांव के नेहरू युवा केंद्र का भी विशेष सहयोग रहा। इस अभियान के तहत ग्रामीणों ने गांव की फिरनी, मुख्य चौक, शिव मंदिर व आंगनबाड़ी केंद्र की साफ-सफाई की। इस मौके पर रोशल लाल पाशी ने अपने सम्बोधन में कहा कि जहां सफाई होती है वहां देवताओं का वास होता है। इस कारण हमें अपने आसपास साफ-सफाई रखनी चाहिए। गांव की महिला सरपंच पिंकी ने बताया कि वे अपने गांव में इस तरह के कार्यक्रम समय-समय पर या सरकार की योजना के अनुसार करते रहते हैं।

इस अवसर पर उनके साथ मुख्य रूप से ग्राम सचिव सुभाष भाटिया, ईश्वर सिंह पटवारी, नेहरू युवा केंद्र के प्रधान दीपक रंगा व सदस्य मुनीष शर्मा सहित सभी पंचायत समिति सदस्य मौजूद थे।

जींद केसरी

शनिवार SATURDAY 20 अगस्त 2016

# अमरावली खेड़ा में चलाया सफाई अभियान

पिल्लूखेड़ा, 8 अगस्त (विन्दल): गांव अमरावली खेड़ा के युवाओं ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता अभियान से प्रेरित होकर गांव में स्वच्छता अभियान चलाया। ग्राम युवा संगठन के प्रधान विरेंद्र शर्मा ने बताया कि गांव की सरपंच अनीता देवी की मौजूदगी में ग्राम युवा संगठन अमरावली खेड़ा द्वारा गांव की साफ-सफाई की गई। युवाओं ने गांव की गलियों व गंदे पानी की निकासी के लिए बनाई गई नालियों की सफाई की। बच्चों को स्वस्थ भारत-स्वच्छ भारत व सफाई अभियान के बारे में बताया। इस मौके पर जितेंद्र सिरोहा, सुरेंद्र शर्मा, सतीश मलिक, सुनील, मनोज, राकेश, देवेन्द्र, आशीष, सागर शर्मा, अंकित शर्मा, व अन्य ग्रामीणों ने बताया कि गांवों में स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

जींद केसरी

सोमवार MONDAY 22 अगस्त 2016

# शहीद की याद में युवाओं ने किया पौधारोपण

जींद, 21 अगस्त (का.प्र.): शहीद आशीष कुमार मैहला की याद में घिमाना गांव के सरकारी स्कूल में स्थापित शहीद आशीष की प्रतिमा के पास 'मेरा गांव सबसे प्यारा' अभियान एवं युवा मंडल के संयुक्त तत्वावधान में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता युवा मंडल के अध्यक्ष संजय नायक ने की।

मौके पर तुलसी, साइकस के अलावा अन्य फूलों के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष संजय ने कहा कि हमें अपने शहीदों को कभी भूलना नहीं चाहिए। उनको हमेशा याद रखना चाहिए। यह पौधारोपण गांव के शहीद आशीष कुमार मैहला की याद में किया गया है जिसने कारगिल के युद्ध में दुश्मनों से देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया था। यह पौधारोपण उनको युवाओं की ओर से सच्ची श्रद्धांजलि है। नायक ने कहा कि पौधारोपण करने से जहां पर्यावरण साफ होता है, वहीं इससे नई युवा पीढ़ी को भी प्रेरणा मिलेगी। इस अवसर पर राजन सैनी, सुभाष घिमाना, शमशेर उर्फ शेरा, अजय कालीरमन, श्रीभगवान, दलबीर नायक, कुलबीर आदि मौजूद रहे।

## डी.सी. कालोनी में किया पौधारोपण

'हर घर-हरियाली' कार्यक्रम के तहत वन विभाग के कर्मचारियों ने रविवार को जींद की डी.सी. कालोनी में पौधारोपण के तहत 100 से ज्यादा पौधे लगाए।

मुख्यातिथि के रूप में ए.डी.सी. आमना तस्नीम ने कहा कि पौधारोपण का यही सबसे सही समय है। बारिश के मौसम में लगाए गए पौधे जल्दी बढ़ते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और जब तक वह पौधा वृक्ष नहीं बन जाता, उसकी देखभाल का दायित्व भी अपने ऊपर लेना चाहिए।

उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों जिनके कार्यालय परिसर में जगह उपलब्ध है वहां पौधारोपण करवाएं। ए.डी.सी. ने कहा कि जिले को खुले में शौच जाने से मुक्त बनाने के लिए घर-घर शौचालयों का निर्माण कर उनका प्रयोग करें और अस्वस्थता से होने वाली बीमारियों से छुटकारा पाएं।

# पौधे मानव जीवन का आधार : पवन

सफीदों, 21 अगस्त (प्रवीन): गांव पाजूकलां के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में गांव की महिलाओं द्वारा पौधारोपण अभियान चलाया गया। मौके पर एक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया जिसमें गांव के सरपंच पवन मान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। ग्रामीण महिलाओं द्वारा विद्यालय प्रांगण में दर्जनों औषधीय व छायादार पौधे रोपित किए गए। इस मौके पर पवन मान ने कहा कि पौधे मानव जीवन का आधार हैं। पौधों के बिना मानव जीवन असंभव है। इस कारण हमें अपने आसपास ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने चाहिएं।



विद्यालय परिसर में पौधारोपण करते हुए ग्रामीण। (प्रवीन)

# जींद भास्कर

सफीदों ▪ पिल्लूखेड़ा ▪ जुलाना — उचाना ▪ शामलो कलां ▪ अलेवा

पानीपत, शनिवार 27 अगस्त, 2016


# घिमाणा में सफाई व्यवस्था सुधारने को लगाई गुहार

## लोगों ने कहा- सफाई अभियान चलाते हैं तो इसे रोका जाता है और कई लोग करते हैं झगड़ा

भास्कर न्यूज़ | जींद

युवा मंडल घिमाणा ने गांव में साफ सफाई कराने की डीसी को शिकायत देकर सफाई व्यवस्था सुधारने की मांग की है। ग्रामीण सुभाष सैनी, राजेश कुमार, पाला, संतोष, सुनहरी, मेहर सिंह, सुखबीर, कर्मबीर, शेरा वाल्मीकि, सुरेश, पूजा, भतेरी, मीना, मोनिका, सेवा सिंह, सुरता सिंह, रामकुमार, संदीप ने बताया कि गांव में जहां पूजा करने की जगह है वहां पर लोगों द्वारा गोबर डाला जा रहा है जिसके कारण युवाओं में रोष है। वहीं आने जाने वाले रास्ते भी गंदगी से भरे पड़े हैं। जाने के लिए कोई भी रास्ता नहीं बचा है जिसके कारण गांव में बीमारियों होने का भय बना हुआ है।



**जींद.** घिमाना गांव में फैली गंदगी को दिखाते ग्रामीण।

### नहीं मिलता है सहयोग

राजन सैनी और नरेश कालीरमन ने कहा कि गांव में ऐसे हालात बने हुए हैं जब भी युवा मंडल गांव में सफाई संबंधी काम करता है तो गांव में उनको सहयोग न मिलने के कारण आपसी झगड़े की नौबत आ जाती है। उन्होंने कहा कि मंडल हर रविवार को गांव में सफाई अभियान चलाता है जिसमें गांव के कुछ लोगों द्वारा अभियान रुकवा दिया जाता है। उन्होंने डीसी को गुहार लगाते हुए कहा कि सफाई अभियान चलाकर गांव के लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ उनको सफाई का महत्व बताएं ताकि गांव को बीमारियों से मुक्त बनाया जा सके।

**Punjab**

ਸੱਚ ਕਹੂੰ


# ਸਮਾਜਿਕ ਬੁਰਾਈਆਂ ਖਿਲਾਫ਼ ਜਾਗਰੂਕਤਾ ਰੈਲੀ ਕੱਢੀ



[illegible]

[illegible] ਰੈਲੀ ਕੱਢੀ ਗਈ। ਰੈਲੀ ਨੂੰ ਰਵਾਨਾ ਕਰਨ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਵਲੰਟੀਅਰਾਂ ਨੂੰ ਸੰਬੋਧਨ ਕਰਦਿਆਂ ਨਹਿਰੂ ਯੁਵਾ ਕੇਂਦਰ ਮਾਨਸਾ ਦੇ ਜ਼ਿਲ੍ਹਾ ਯੂਥ ਕੋਆਰਡੀਨੇਟਰ ਪਰਮਜੀਤ ਸੋਹਲ, ਲੇਖਾਕਾਰ ਸੰਦੀਪ ਘੰਡ ਤੇ ਬਲਜੀਤ ਸਿੰਘ ਅਕਲੀਆ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਸਮਾਜਿਕ ਬੁਰਾਈਆਂ ਖਿਲਾਫ ਜਾਗਰੂਕਤਾ ਪੈਦਾ ਕਰਕੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਖਾਤਮੇ ਲਈ ਨੌਜਵਾਨ ਜੋ [illegible] ਬਲਾਘਾ ਕਰਦਿਆਂ ਨੌਜਵਾਨਾਂ ਦੀ ਸਖਸ਼ੀਅਤ ਉਸਾਰੀ ਲਈ. ਕੀਤੇ ਜਾ ਰਹੇ ਕੰਮਾਂ ਦਾ ਜ਼ਿਕਰ ਕੀਤਾ। ਇਸ ਮੌਕੇ ਸਕੂਲ ਪ੍ਰਬੰਧਕ ਸੁਭਾਸ਼ ਗਰਗ ਤੇ ਸੁਰਿੰਦਰ ਕੁਮਾਰ, ਪ੍ਰੋਗਰਾਮ ਅਫ਼ਸਰ ਰਜਿੰਦਰ ਕੁਮਾਰ, ਗੁਰਜਿੰਦਰ ਸਿੰਘ, ਧੰਨਜੀਤ ਕੌਰ, ਸੁਖਜਿੰਦਰ ਕੌਰ, ਜਸਵਿੰਦਰ ਕੌਰ, ਰਮਨ ਕੌਰ, ਕੁਲਦੀਪ ਸਿੰਘ ਤੇ ਸਮੂਹ ਸਟਾਫ ਹਾਜ਼ਰ ਸੀ।





# ਪੰਜਾਬੀ ਟ੍ਰਿਬਿਊਨ

## ਭਾਸ਼ਣ ਮੁਕਾਬਲੇ ਵਿੱਚ ਰਮਨਦੀਪ ਕੌਰ ਰਹੀ ਅੱਵਲ

[illegible]



ਭਾਸ਼ਣ ਮੁਕਾਬਲੇ ਦੇ ਜੇਤੂਆਂ ਨਾਲ ਪ੍ਰਬੰਧਕ।

[illegible]

## ਗੁਰੂਕੁਲ ਅਕੈਡਮੀ 'ਚ ਮਨਾਇਆ ਵਾਤਾਵਰਨ ਦਿਵਸ

[illegible]



ਮਾਨਸਾ: ਵਾਤਾਵਰਨ ਨੂੰ ਹਰਿਆ ਭਰਿਆ ਰੱਖਣ ਲਈ ਪੌਦੇ ਲਗਾਏ ਜਾਣ ਦਾ ਦ੍ਰਿਸ਼।
ਤਸਵੀਰ: ਸੁਖਚਰਨ ਸਿੰਘ

[illegible]

दैनिक जागरण

मंगलवार, 23 अगस्त, 2016 : भाद्रपद कृष्ण 6, वि. 2073



सोमवार को नेहरू युवा केंद्र के वालंटियर्स को स्वच्छ भारत संबंधी शपथ दिलाते हुए एनवाईकेमानसा के पदाधिकारी

# वालंटियर्स को साफ-सफाई रखने की दिलाई शपथ

संस, मानसा : देश को हरा-भरा और साफ-सुथरा रखने में जिले के समूह क्लब अपना पूर्ण योगदान डालेंगे। यह विचार जिला के सहायक डायरेक्टर युवक सेवाएं रघबीर मान और बरनाला जिला के सहायक डायरेक्टर विजय भास्कर ने व्यक्त किए। वे सोमवार को नेहरू युवा केंद्र के वालंटियर्स को स्वच्छ भारत संबंधी शपथ समागम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा अपने आसपास को साफ रखने से बीमारियों से भी छुटकारा मिलता है। केंद्र के जिला यूथ कोआर्डीनेटर परमजीत सोहल ने बताया कि इस पखवाड़े के दौरान जिले की यूथ

**• वातावरण हरा-भरा रखने में क्लबों का होगा विशेष योगदान**

क्लबों को साफ-सफाई रखने और लोगों में इसके बारे में जागरूकता फैलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि गांवों की विभिन्न सांझे स्थानों जैसे स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत घर डिस्पेंसरी एवं शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के मूर्तियों की भी सफाई की जाएगी और वातावरण को हरा भरा रखने के लिए पौधे भी लगाए जाएंगे। उन्होंने इस मौके वालंटियर्स को साफ सफाई के बारे में शपथ भी दिलाई।



ਨਹਿਰੂ ਯੁਵਾ ਕੇਂਦਰ ਮਾਨਸਾ ਵੱਲੋਂ ਨੌਜਵਾਨਾਂ ਨੂੰ ਸਫ਼ਾਈ ਰੱਖਣ ਹਿੱਤ ਸਹੁੰ ਚੁਕਾਉਂਦੇ ਹੋਏ ਕੇਂਦਰ ਦੇ ਅਧਿਕਾਰੀ।

# ਹਰਿਆਲੀ 'ਚ ਕਲੱਬਾਂ ਦਾ ਪੂਰਾ ਯੋਗਦਾਨ : ਮਾਨ

ਪੱਤਰ ਪ੍ਰੇਰਕ, ਮਾਨਸਾ : ਦੇਸ਼ ਨੂੰ ਹਰਿਆ ਭਰਿਆ ਅਤੇ ਸਾਫ ਸੁਥਰਾ ਰੱਖਣ ਵਿੱਚ ਕਲੱਬਾਂ ਆਪਣਾ ਪੂਰਨ ਯੋਗਦਾਨ ਪਾ ਸਕਦੀਆਂ ਹਨ। ਇਸ ਗੱਲ ਦਾ ਪ੍ਰਗਟਾਵਾ ਸਹਾਇਕ ਡਾਇਰੈਕਟਰ ਯੁਵਕ ਸੇਵਾਵਾਂ ਰਘਵੀਰ ਸਿੰਘ ਮਾਨ ਅਤੇ ਬਰਨਾਲਾ ਜਿਲੇ ਦੇ ਸਹਾਇਕ ਡਾਇਰੈਕਟਰ ਵਿਜੇ ਭਾਸਕਰ ਨੇ ਨਹਿਰੂ ਯੁਵਾ ਕੇਂਦਰ ਦੇ ਵਲੰਟੀਅਰਜ਼ ਨੂੰ ਸਵੱਛ ਭਾਰਤ ਸਬੰਧੀ ਸਹੁੰ ਚੁਕਾਉਣ ਮੌਕੇ ਕੀਤਾ ਉਨਾਂ ਕਿਹਾ ਕਿ ਆਪਣਾ ਆਲਾ ਦੁਆਲਾ ਸਾਫ ਰੱਖਣ ਨਾਲ ਬੀਮਾਰੀਆਂ ਤੋਂ ਵੀ ਛੁਟਕਾਰਾ ਮਿਲਦਾ ਹੈ।।

ਨਹਿਰੂ ਯੁਵਾ ਕੇਂਦਰ ਮਾਨਸਾ ਦੇ ਜ਼ਿਲ੍ਹਾ ਯੂਥ ਕੋਆਰਡੀਨੇਟਰ ਪਰਮਜੀਤ ਸੋਹਲ ਨੇ ਦੱਸਿਆ ਕਿ ਇਸ ਪੰਦਰਵਾੜੇ ਦੌਰਾਨ ਜਿਲੇ ਦੀਆਂ ਯੂਥ ਕਲੱਬਾਂ ਵਿੱਚ ਸਫਾਈ ਰੱਖਣ ਅਤੇ ਲੋਕਾਂ ਵਿੱਚ ਸਫਾਈ ਸਬੰਧੀ ਜਾਗਰੂਕਤਾ ਰੱਖਣ ਹਿੱਤ ਨੌਜਵਾਨਾਂ ਨੂੰ ਜਾਗਰੂਕ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ। ਇਸ ਮੌਕੇ ਸੀਨੀਅਰ ਲੇਖਾਕਾਰ ਸੰਦੀਪ ਘੰਡ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਸਫਾਈ ਸਬੰਧੀ ਵਾਤਾਵਰਣ ਤਿਆਰ ਕਰਨ ਹਿੱਤ ਜਿਲੇ ਦੀਆਂ ਯੂਥ ਕਲੱਬਾਂ ਅਤੇ ਸਕੂਲਾਂ ਦੇ ਬੱਚਿਆਂ ਦੇ ਕੁਇੱਜ, ਪੇਂਟਿੰਗ, ਨੁੱਕੜ ਨਾਟਕ, ਸੈਮੀਨਾਰ ਤੇ ਭਾਸ਼ਣ ਮੁਕਾਬਲੇ ਆਦਿ ਕਰਵਾਏ ਜਾਣਗੇ। ਇਸ ਮੌਕੇ ਸੰਦੀਪ ਕੌਰ ਭੀਖੀ, ਡੋਮਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਰਾਏਪੁਰ, ਲਵਪ੍ਰੀਤ ਸਿੰਘ , ਕਰਮਜੀਤ ਰਾਣੀ, ਰਾਜਪ੍ਰੀਤ ਸਿੰਘ, ਹਰਪ੍ਰੀਤ ਕੌਰ ਅਨੈਤਪਾਲ ਕੌਰ, ਵਿਕਾਸ ਕੁਮਾਰ,ਬਲਵਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਆਦਿ ਹਾਜ਼ਰ ਸਨ।

ਅਜੀਤ



## ਕਲੱਬ ਨੇ ਸਾਂਝੀਆਂ ਥਾਵਾਂ 'ਤੇ ਬੂਟੇ ਲਗਾਏ

# ਵਿਕਾਸ ਦੀ ਉਡੀਕ ਕਰ ਰਿਹਾ ਪਿੰਡ ਕੋਟ ਧਰਮੂ

### ਗੋਦ ਲੈਣ ਦਾ ਨਹੀਂ ਹੋਇਆ ਕੋਈ ਵੀ ਵਿਸ਼ੇਸ਼ ਲਾਭ : ਪਿੰਡ ਵਾਸੀ

ਅੱਜ ਦੀ ਆਵਾਜ਼
ਸੋਮਵਾਰ, 22 ਅਗਸਤ 2016

# ਕੌਮੀ ਸੇਵਾ ਯੋਜਨਾ ਇਕਾਈ ਨੇ ਸਮਾਜਿਕ ਬੁਰਾਈਆਂ ਖਿਲਾਫ ਜਾਗਰੂਕਤਾ ਰੈਲੀ ਕੱਢੀ



ਜੋਗਾ • ਮੁਨੀਸ਼ ਰੱਲਾ

ਗੁਰੂਕੁਲ ਅਕੈਡਮੀ ਪਬਲਿਕ ਸੀਨੀਅਰ ਸੈਕੰਡਰੀ ਸਕੂਲ ਉੱਭਾ ਦੇ ਕੌਮੀ ਸੇਵਾ ਯੋਜਨਾ ਵਲੰਟੀਅਰਾਂ ਦੁਆਰਾ ਰਘਬੀਰ ਸਿੰਘ ਮਾਨ ਸਹਾਇਕ ਡਾਇਰੈਕਟਰ ਯੁਵਕ ਸੇਵਾਵਾਂ ਵਿਭਾਗ ਮਾਨਸਾ ਦੇ ਦਿਸ਼ਾ ਨਿਰਦੇਸ਼ਾਂ ਤਹਿਤ ਲਗਾਏ ਇੱਕ ਰੋਜ਼ਾ ਕੈਂਪ ਦੌਰਾਨ ਸਮਾਜਿਕ ਬੁਰਾਈਆਂ ਖਿਲਾਫ ਜਾਗਰੂਕਤਾ ਰੈਲੀ ਕੱਢੀ। ਰੈਲੀ ਨੂੰ ਰਵਾਨਾ ਕਰਨ ਮੌਕੇ ਹਰੀ ਝੰਡੀ ਦੇਣ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਵਲੰਟੀਅਰਾਂ ਨੂੰ ਸੰਬੋਧਨ ਕਰਦਿਆਂ ਨਹਿਰੂ ਯੁਵਾ ਕੇਂਦਰ ਮਾਨਸਾ ਦੇ ਜ਼ਿਲ੍ਹਾ ਯੂਥ ਕੋਆਰਡੀਨੇਟਰ ਪਰਮਜੀਤ ਸੋਹਲ, ਲੇਖਾਕਾਰ ਸੰਦੀਪ ਘੰਡ ਅਤੇ ਬਲਜੀਤ ਸਿੰਘ ਅਕਲੀਆ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਸਮਾਜਿਕ ਬੁਰਾਈਆਂ ਖਿਲਾਫ ਜਾਗਰੂਕਤਾ ਪੈਦਾ ਕਰਕੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਖਾਤਮੇ ਲਈ ਨੌਜਵਾਨ ਜੋ ਰੋਲ ਅਦਾ ਕਰ ਸਕਦੇ ਹਨ ਉਸ ਨਾਲ ਸਮਾਜ ਵਿੱਚ ਸਾਰਥਕ ਨਤੀਜੇ ਆਉਣੇ ਸੁਭਾਵਿਕ ਹਨ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਕਿਹਾ ਨਹਿਰੂ ਯੁਵਾ ਕੇਂਦਰ ਅਤੇ ਯੁਵਕ ਸੇਵਾਵਾਂ ਵਿਭਾਗ ਦੀ ਸਰਪ੍ਰਸਤੀ ਹੇਠ ਨੌਜਵਾਨ ਪੀੜ੍ਹੀ ਇਸ ਵਿੱਚ ਆਪਣਾ ਵਡਮੁੱਲਾ ਯੋਗਦਾਨ ਪਾ ਰਹੀ ਹੈ। ਪ੍ਰਿਸੀਪਲ ਹਰਪ੍ਰੀਤ ਸਿੰਘ ਪੁਰਬਾ ਨੇ ਨਹਿਰੂ ਯੁਵਾ ਕੇਂਦਰ ਮਾਨਸਾ ਤੇ ਯੁਵਕ ਸੇਵਾਵਾਂ ਵਿਭਾਗ ਵੱਲੋਂ ਕੀਤੇ ਜਾ ਰਹੇ ਉਪਰਾਲਿਆਂ ਦੀ ਸ਼ਲਾਘਾ ਕਰਦਿਆਂ ਨੌਜਵਾਨਾਂ ਦੀ ਸਖਸ਼ੀਅਤ ਉਸਾਰੀ ਲਈ ਕੀਤੇ ਜਾ ਰਹੇ ਕੰਮਾਂ ਦਾ ਜ਼ਿਕਰ ਕੀਤਾ। ਇਸ ਮੌਕੇ ਸਕੂਲ ਪ੍ਰਬੰਧਕ ਸੁਭਾਸ਼ ਗਰਗ ਤੇ ਸੁਰਿੰਦਰ ਕੁਮਾਰ, ਪ੍ਰੋਗਰਾਮ ਅਫ਼ਸਰ ਰਜਿੰਦਰ ਕੁਮਾਰ, ਗੁਰਜਿੰਦਰ ਸਿੰਘ, ਧੰਨਜੀਤ ਕੌਰ, ਸੁਖਜਿੰਦਰ ਕੌਰ, ਜਸਵਿੰਦਰ ਕੌਰ, ਰਮਨ ਕੌਰ, ਕੁਲਦੀਪ ਸਿੰਘ ਤੇ ਸਮੂਹ ਸਟਾਫ ਹਾਜ਼ਰ ਸੀ।

# देश में 11 करोड़ 11 लाख शौचालयों के निर्माण के लिए 1 लाख 34 हजार करोड़ होंगे खर्च

## नेहरू युवा केन्द्र ने आयोजित किया स्वच्छ भारत अभियान जागरूकता शिविर

मुकेरियां, 24 अगस्त (सुदर्शन): स्वच्छ भारत अभियान कार्यक्रम भारत सरकार द्वारा चलाया जा रहा ग्रामीण क्षेत्र में लोगों के लिए मांग आधारित एवं जन केन्द्रित अभियान है। इसमें लोगों की स्वच्छता सम्बन्धी आदतों को बेहतर बनाना, स्व-सुविधाओं की मांग उत्पन्न करना और स्वच्छता सुविधाओं को उपलब्ध करना, जिससे ग्रामीणों के जीवन स्तर को बेहतर बनाया जा सके। उपरोक्त विचार समाजसेवी एवं एन.एस.वी. ज्योति बाला द्वारा स्वयंसेवी संगठन शबनम यूथ एंड स्पोर्ट्स क्लब द्वारा मुकेरियां में आयोजित स्वच्छ भारत अभियान जागरूकता शिविर में मुख्यातिथि के रूप में व्यक्त किए।

कार्यक्रम का आयोजन भारत सरकार के युवा मामले एवं खेल मंत्रालय के उपक्रम नेहरू युवा केन्द्र होशियारपुर के सौजन्य एवं जिला युवा समन्वयक भूपिंदर सिंह मान एवं लेखाकार विजय राणा के निर्देशन में किया गया।

उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य पांच वर्षों में भारत को खुले में शौच मुक्त देश बनाना है। अभियान के तहत देश में लगभग 11 करोड़ 11 लाख शौचालयों के निर्माण के लिए 1 लाख 34 हजार करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। बड़े पैमाने पर प्रौद्योगिकी का उपयोग कर ग्रामीण भारत में कचरे का इस्तेमाल उसे पूंजी का रूप देते हुए जैव उर्वरक और ऊर्जा के विभिन्न रूपों में परिवर्तित करने के लिए किया जाएगा।

पंजाब केसरी Thu, 25 August 2016
ई-पेपर epaper.punjabkesari.in/c/12774515

ਜਗ ਬਾਣੀ JALANDHAR • SATURDAY • 27.08.2016

# ਯੂਥ ਕਲੱਬਾਂ ਦੇ ਸਹਿਯੋਗ ਨਾਲ ਸਫਾਈ ਮੁਹਿਮ ਸ਼ੁਰੂ

ਭੂੰਗਾ, 26 ਅਗਸਤ (ਭਟੋਆ)-ਸਵੱਛ ਭਾਰਤ ਮੁਹਿਮ ਅਧੀਨ ਭੁਪਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਜ਼ਿਲਾ ਯੂਥ ਕੋਆਰਡੀਨੇਟਰ ਨਹਿਰੂ ਯੁਵਾ ਕੇਂਦਰ ਹੁਸ਼ਿਆਰਪੁਰ ਦੇ ਦਿਸ਼ਾ-ਨਿਰਦੇਸ਼ਾਂ ਮੁਤਾਬਕ ਸ਼ਹੀਦ ਭਗਤ ਸਿੰਘ ਕ੍ਰਾਂਤੀਕਾਰੀ ਸੁਸਾਇਟੀ ਪੰਜਾਬ ਵੱਲੋਂ ਵੱਖ-ਵੱਖ ਯੂਥ ਕਲੱਬਾਂ ਦੇ ਸਹਿਯੋਗ ਨਾਲ ਵੱਖ-ਵੱਖ ਪਿੰਡਾਂ 'ਚ ਸਫਾਈ ਮੁਹਿਮ ਚਲਾਉਣ ਦੀ ਸ਼ੁਰੂਆਤ ਭੂੰਗਾ ਵਿਖੇ ਭੁਪਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਜ਼ਿਲਾ ਯੂਥ ਕੋਆਰਡੀਨੇਟਰ ਨਹਿਰੂ ਯੁਵਾ ਕੇਂਦਰ ਹੁਸ਼ਿਆਰਪੁਰ ਵੱਲੋਂ ਕੀਤੀ ਗਈ।

ਇਸ ਮੌਕੇ ਸੰਬੋਧਨ ਕਰਦਿਆਂ ਭੁਪਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਜ਼ਿਲਾ ਯੂਥ ਕੋਆਰਡੀਨੇਟਰ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਸਰਕਾਰ ਵੱਲੋਂ ਭਾਰਤ ਨੂੰ ਸਾਫ-ਸੁਥਰਾ ਬਣਾਉਣ ਲਈ ਚਲਾਈ ਜਾ ਰਹੀ ਇਸ ਮੁਹਿਮ ਵਿਚ ਨੌਜਵਾਨ ਵਰਗ ਨੂੰ ਵਧ-ਚੜ੍ਹ ਕੇ ਹਿੱਸਾ ਲੈਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ।

ਨੌਜਵਾਨਾਂ ਨੂੰ ਸੰਬੋਧਨ ਕਰਦਿਆਂ ਰਵਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਕਾਹਲੋਂ ਪ੍ਰਧਾਨ ਸ਼ਹੀਦ ਭਗਤ ਸਿੰਘ ਕ੍ਰਾਂਤੀਕਾਰੀ ਸੁਸਾਇਟੀ ਪੰਜਾਬ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ 'ਜਿਥੇ ਸਫਾਈ, ਉਥੇ ਖੁਦਾਈ' ਵਾਲੇ ਵਾਕ ਅਨੁਸਾਰ ਹਰ ਮਨੁੱਖ ਨੂੰ ਆਪਣੀ ਅਤੇ ਆਪਣੇ ਆਲੇ-ਦੁਆਲੇ ਦੀ ਸਫਾਈ ਦਾ ਧਿਆਨ ਰੱਖਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿਉਂਕਿ ਸਫਾਈ ਨਾ ਕੇਵਲ ਸਾਡੀ ਦਿੱਖ ਨੂੰ ਸੁੰਦਰ ਬਣਾਉਂਦੀ ਹੈ, ਸਗੋਂ ਨਿਰੋਗਤਾ ਅਤੇ ਮਜ਼ਬੂਤੀ ਵੀ ਪ੍ਰਦਾਨ ਕਰਦੀ ਹੈ। ਸੁਮਨ ਦੇਵੀ ਪ੍ਰਾਜੈਕਟ ਇਚਾਰਜ ਰੋਜ਼ਗਾਰ ਕ੍ਰਾਂਤੀ ਮੁਹਿਮ ਨੇ ਨੌਜਵਾਨ ਵਰਗ ਨੂੰ ਆਪਣੇ ਆਲੇ-ਦੁਆਲੇ ਨੂੰ ਸਾਫ ਰੱਖਣ ਦੀ ਅਪੀਲ ਕੀਤੀ ਅਤੇ ਆਏ ਮਹਿਮਾਨਾਂ ਦਾ ਧੰਨਵਾਦ ਕੀਤਾ।

ਇਸ ਸਮੇਂ ਅੰਜੂ ਬਾਲਾ, ਉਪਦੇਸ਼ ਬੀ. ਕੌਸ਼ਲ, ਸਤਵਿੰਦਰ ਕੌਰ, ਗੁਰਪ੍ਰੀਤ ਕੌਰ, ਪਲਜਿੰਦਰ ਕੌਰ, ਜਸਪ੍ਰੀਤ ਕੌਰ, ਸੰਦੀਪ ਕੁਮਾਰ, ਜਗਵਿੰਦਰ ਸਿੰਘ, ਰਜਤ ਕੁਮਾਰ, ਸੰਤੋਸ਼ ਕੁਮਾਰ, ਹਰਕਮਲ ਸਿੰਘ, ਬੰਦਨਾ, ਡਿੰਪਲ, ਆਸ਼ਾ ਰਾਣੀ, ਪਿੰਡਾਂ ਦੇ ਸਰਪੰਚ, ਯੂਥ ਕਲੱਬਾਂ ਦੇ ਅਹੁਦੇਦਾਰ ਅਤੇ ਮੈਂਬਰ ਆਦਿ ਹਾਜ਼ਰ ਸਨ।

दैनिक जागरण

जालंधर, 27 अगस्त 2016

# स्वच्छ भारत के निर्माण में लोग दें योगदान : मान

**संवाद सहयोगी, दातारपुर :** स्वच्छ भारत अभियान का उद्देश्य केवल आसपास की सफाई करना ही नहीं है अपितु नागरिकों की सहभागिता से अधिक-से अधिक पेड़ लगाना, कचरा मुक्त वातावरण बनाना, शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराकर एक स्वच्छ भारत का निर्माण करना है। देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए स्वच्छ भारत का निर्माण करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उपरोक्त शब्द भारत सरकार के उपक्रम नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा समन्वयक भूपिंदर सिंह मान द्वारा यूथ डवलपमेंट सेंटर/ क्लब द्वारा तलवाड़ा में स्वच्छ भारत अभियान अभियान के अधीन जागरूकता कैंप में कहे। युवा स्वयंसेवी कर्ण ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान भारत सरकार द्वारा चलाये जाने वाला एक राष्ट्रव्यापी सफाई अभियान है। हम सब को मिल कर इसे कामयाब करना चाहिए।

दैनिक भास्कर, बठिंडा, मंगलवार 23 अगस्त, 2016

मानसा

# देश को हरा- भरा व साफ सुथरा रखने में क्लबों का पूर्ण योगदानः भास्कर

## नेहरू युवा केंद्र के वालंटियर्स को स्वच्छता की शपथ दिलाई, यूथ क्लबों के पेंटिंग व भाषण मुकाबले करवाए जाएंगे

भास्कर संवाददाता | मानसा

देश को हरा- भरा व साफ सुथरा रखने में क्लब अपना पूर्ण योगदान दे सकते हैं। ये विचार मानसा के सहायक डायरेक्टर युवक सेवाएं रघुवीर सिंह मान व बरनाला जिले के सहायक डायरेक्टर विजय भास्कर ने नेहरू युवा केंद्र के वालंटियर्स को स्वच्छ भारत संबंधित शपथ दिलाने मौके किया।

उन्होंने कहा कि अपने आस- पास सफाई रखने से बीमारियों से भी छुटकारा मिलता है। नेहरु युवा केंद्र मानसा के जिला यूथ कॉआर्डिनेटर परमजीत सोहल ने बताया इस पखवाड़े दौरान जिले के यूथ क्लबों में सफाई रखने व लोगों में सफाई संबंधित जागरुकता रखने के लिए नौजवानों को जागरूक किया जाएगा। इसके अलावा गांवों के साझे स्थानों जैसे स्कूल, आंगनवाड़ी केंद्र, पंचायत घर, ग्रामीण डिस्पेंसरियों के साथ साथ गांवों में स्थापित किए गए शहीदों व स्वतंत्रता संग्रामियों की प्रतिमाओं की भी सफाई की जाएगी। वहीं पर्यावरण को हरा भरा रखने के लिए क्लबों के सहयोग से पौधे भी लगाए जा रहे है। उन्होंने इस मौके वालंटियर्स को सफाई की शपथ भी दिलाई। वालंटियर्स की मीटिंग को संबोधित करते नेहरु युवा केंद्र मानसा के सीनियर लेखाकार संदीप घंड ने कहा सफाई प्रति वातावरण तैयार करने के लिए जिले के यूथ क्लबों व स्कूली बच्चों के क्विज मुकाबले, पेंटिंग मुकाबले, नुक्कड़ नाटक, सेमिनार भाषण मुकाबले करवाए जाएंगे। ताकि बच्चों में सफाई को लेकर शुरु से ही जागरुकता पैदा की जा सके। इस मौके संदीप कौर भीखी, तेजिंदर सिंह रायपुर, लवप्रीत सिंह मानसा, करमजीत राठी, राजप्रीत सिंह, हरप्रीत कौर, अनंतपाल कौर कोटधरमू, विकास कुमार सरदूलगढ़, बलविंदर सिंह धलेवा ने नेहरु युवा केंद्र को भरोसा दिलाया कि वे इस मुहिम के लिए अपना पूर्ण योगदान देंगे।



सफाई को लेकर नेहरु युवा केंद्र के वालंटियर्ज को शपथ दिलाते विजय भास्कर।

ਪਹਿਰੇਦਾਰ

# ਦੇਸ਼ ਨੂੰ ਹਰਿਆ ਭਰਿਆ ਅਤੇ ਸਾਫ ਸੁਥਰਾ ਰੱਖਣ ਵਿੱਚ ਕਲੱਬਾਂ ਦਾ ਪੂਰਨ ਯੋਗਦਾਨ : ਭਾਸਕਰ, ਮਾਨ

ਮਾਨਸਾ, 22 ਅਗਸਤ (ਸ਼ਤੀਸ ਮਹਿਤਾ ) ਦੇਸ਼ ਨੂੰ ਹਰਿਆ ਭਰਿਆ ਅਤੇ ਸਾਫ ਸੁਥਰਾ ਰੱਖਣ ਵਿੱਚ ਕਲੱਬਾਂ ਆਪਨਾ ਪੂਰਨ ਯੋਗਦਾਨ ਪਾ ਸਕਦੀਆਂ ਹਨ ਇਸ ਗੱਲ ਦਾ ਪ੍ਰਗਟਾਵਾ ਮਾਨਸਾ ਦੇ ਸਹਾਇਕ ਡਰਾਇਕੇਟਰ ਯੁਵਕ ਸੇਵਾਵਾਂ ਰਘਵੀਰ ਸਿਘ ਮਾਨ ਅਤੇ ਬਰਨਾਲਾ ਜਿਲੇ ਦੇ ਸਹਾਇਕ ਡਰਾਇਕੇਟਰ ਵਿਜੇ ਭਾਸਕਰ ਨੇ ਨਹਿਰੂ ਯੁਵਾ ਕੇਦਰ ਦੇ ਵਲੰਟੀਅਰਜ ਨੂੰ ਸਵੱਛ ਭਾਰਤ ਸਬੰਧੀ ਸੁੰਹ ਚਕਾਉਣ ਮੌਕੇ ਕੀਤਾ ਉਨਾਂ ਕਿਹਾ ਕਿ ਆਪਨਾ ਆਲਾ ਦੁਆਲਾ ਸਾਫ ਰੱਖਣ ਨਾਲ ਬੀਮਾਰੀਆਂ ਤੋ ਵੀ ਛੁਟਕਾਰਾ ਵੀ ਮਿਲਦਾ ਹੇ। ਨਹਿਰੂ ਯੁਵਾ ਕੇਦਰ ਮਾਨਸਾ ਦੇ ਜਿਲਾ ਯੂਥ ਕੋਆਰਡੀਨੇਟਰ ਸ਼੍ਰੀਮਤੀ ਪਰਮਜੀਤ ਸੋਹਲ ਨੇ ਦੱਸਿਆ ਕਿ ਇਸ ਪੰਦਰਵਾੜੇ ਦੋਰਾਨ ਜਿਲੇ ਦੀਆਂ ਯੂਥ ਕਲੱਬਾਂ ਵਿੱਚ ਸਫਾਈ ਰੱਖਣ ਅਤੇ ਲੋਕਾਂ ਵਿੱਚ ਸਫਾਈ ਸਬੰਧੀ ਜਾਗਰੁਕਤਾ ਰੱਖਣ ਹਿੱਤ ਨੋਜਵਾਨਾਂ ਨੂੰ ਜਾਗਰੁਕ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਅਤੇ ਇਸ ਤੋ ਇਲਾਵਾ ਪਿੰਡਾਂ ਦੀਆਂ ਸਾਝੀਆਂ ਥਾਵਾਂ ਜਿਵੇ ਸਕੂਲ,ਆਗਣਵਾੜੀ ਕੇਦਰ,ਪੰਚਾਇਤ ਘਰ ਪੇਡੂ ਡਿਸਪੇਸਰੀਆ ਦੇ ਨਾਲ ਨਾਲ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿੱਚ ਸਥਪਾਤ ਕੀਤੇ ਗਏ ਸ਼ਹੀਦਾਂ ਅਤੇ ਸੰਤਤਰਤਾ ਸਗਰਾਮੀਆਂ ਦੇ ਬੁੱਤਾਂ ਦੀ ਵੀ ਸਫਾਈ ਕੀਤੀ ਜਾਵੇਗੀ ਅਤੇ ਵਾਤਾਵਰਣ ਨੂੰ ਹਰਿਆ ਭਰਿਆ ਰੱਖਣ ਹਿੱਤ ਕਲੱਬਾਂ ਦੇ ਸਹਿਯੋਗ ਨਾਲ ਪੌਦੇ ਵੀ ਲਗਾਏ ਜਾ ਰਹੇ ਹਨ।ਉਨਾਂ ਇਸ ਮੌਕੇ ਵਲੰਟੀਅਰਜ ਨੂੰ ਸਫਾਈ ਸਬੰਧੀ ਸੁੰਹ ਵੀ ਚੁਕਾਈ।ਵਲੰਟੀਅਰਜ ਦੀ ਮੀਟਿਗ ਨੂੰ ਸੰਬੋਧਨ ਕਰਦਿਆਂ ਨਹਿਰੂ ਯੁਵਾ ਕੇਦਰ ਮਾਨਸਾ ਦੇ ਸੀਨੀਅਰ ਲੇਖਾਕਾਰ ਸੰਦੀਪ ਘੰਡ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਸਫਾਈ ਸਬੰਧੀ ਵਾਤਾਵਰਵ ਤਿਆਰ ਕਰਨ ਹਿੱਤ ਜਿਲੇ ਦੀਆਂ ਯੂਥ ਕਲੱਬਾਂ ਅਤੇ ਸਕੂਲਾਂ ਦੇ ਬੱਚਿਆਂ ਦੇ ਕੁਇੰਜ ਮੁਕਾਬਲੇ ਪੇਟਿਗ ਮੁਕਾਬਲੇ ਨੁੱਕੜ ਨਾਟਕ ਸੈਮੀਨਾਰ ਭਾਸ਼ਣ ਮੁਕਬਲੇ ਆਦਿ ਕਰਵਾਏ ਜਨਾਗੇ ਜਿਸ ਨਾਲ ਬੱਚਿਆਂ ਵਿੱਚ ਸਫਾਈ ਸਬੰਧੀ ਸੁਰੂ ਤੋ ਹੀ ਜਾਗਰੁਕਤਾ ਪੇਦਾ ਕੀਤੀ ਜਾ ਸਕੇ। ਇਸ ਮੌਕੇ ਹਾਜਰ ਵਲੰਟੀਅਰਜ ਸੰਦੀਪ ਕੋਰ ਭੀਖੀ ਤੇਜਿਦੰਰ ਸਿਘ ਰਾਇਪੁਰ ਲਵਪ੍ਰੀਤ ਸਿਘ ਮਾਨਸਾ ਕਰਮਜੀਤ ਰਾਠੀ ਰਾਜਪ੍ਰੀਤ ਸਿਘ ਹਰਪ੍ਰੀਤ ਕੋਰ ਅਨੰਤਪਾਲ ਕੋਰ ਕੋਟਧਰਮੂ ਵਿਕਾਸ ਕੁਮਾਰ ਸਰਦੂਲਗੜ ਬਲਵਿੰਦਰ ਸਿਘ ਧਲੇਵਾਂ ਨੇ ਨਹਿਰੂ ਯੁਵਾ ਕੇਦਰ ਨੂੰ ਪੂਰਨ ਭਰੋਸਾ ਦਿਤਾ ਕਿ ਉਹ ਇਸ ਮੁਹਿਮ ਲਈ ਆਪਨਾ ਪੂਰਨ ਯੁਗਦਾਨ ਪਾਉਣਗੇ।



# Tripura


# প্রতিবাদী কলম

website : www.pratibadikalam.com

8 Issue • 31 August, 2016, Wednesday • ১৪ ভাদ্র, ১৪২৩, বুধবার • আগরতলা, পশ্চিম ত্রিপুরা • ৮ পাতা • ৪ টাকা • R.


## নেহেরু যুব কেন্দ্রের উদ্যোগে র‍্যালি

নিজস্ব প্রতিনিধি, আগরতলা, ৩০ আগস্ট।। ভারত সরকারের যুব এবং ক্রীড়া মন্ত্রণালয়ের অধীন নেহেরু যুব কেন্দ্রের গোমতী জেলার উদ্যোগে স্বচ্ছ ভারত অভিযানের অঙ্গ হিসেবে বেশ কিছু কর্মসূচি সংগঠিত করা হয়। গত ১৬ই আগস্ট থেকে এই কর্মসূচি সংগঠিত করা হচ্ছে। ৫০টি ক্লাবে এই কর্মসূচির অঙ্গ হিসেবে পরিষ্কার পরিচ্ছন্ন রাখার উদ্যোগ গ্রহণ করা হয় বাজার পরিষ্কার, হাসপাতালের আবর্জনা পরিষ্কার করার পাশাপাশি দৌড় প্রতিযোগিতা এবং সাইকেল র‍্যালি অনুষ্ঠিত হয়েছে। বিভিন্ন যুব সংগঠনগুলো এই কাজে উৎসাহ দেখিয়েছে বলে সংগঠনের পক্ষ থেকে জানানো হয়েছে। গোমতী জেলার পাশাপাশি দক্ষিণ জেলাতেও এই অভিযান চলবে বলে জানা গেছে। আগামীকাল পর্যন্ত এই অভিযানের অঙ্গ হিসেবে নানা কর্মসূচি পালন করা হবে। সংগঠনের পক্ষ থেকে এক বিবৃতিতে এই খবর জানানো হয়েছে।

# প্রতিবাদী কলম

website : www.pratibadikalam.com

3th Year, 238 Issue ● 31 August, 2016, Wednesday ● ১৪ ভাদ্র, ১৪২৩, বুধবার ● আগরতলা, পশ্চিম ত্রিপুরা ● ৮ পাতা ● ৪ টাকা ● R.N.I.

## নেহেরু যুব কেন্দ্রের উদ্যোগে র‍্যালি

নিজস্ব প্রতিনিধি, আগরতলা, ৩০ আগস্ট।। ভারত সরকারের যুব এবং ক্রীড়া মন্ত্রণালয়ের অধীন নেহেরু যুব কেন্দ্রের গোমতী জেলার উদ্যোগে স্বচ্ছ ভারত অভিযানের অঙ্গ হিসেবে বেশ কিছু কর্মসূচি সংগঠিত করা হয়। গত ১৬ই আগস্ট থেকে এই কর্মসূচি সংগঠিত করা হচ্ছে। ৫০টি ক্লাবে এই কর্মসূচির অঙ্গ হিসেবে পরিষ্কার পরিচ্ছন্ন রাখার উদ্যোগ গ্রহণ করা হয় বাজার পরিষ্কার, হাসপাতালের আবর্জনা পরিষ্কার করার পাশাপাশি দৌড় প্রতিযোগিতা এবং সাইকেল র‍্যালি অনুষ্ঠিত হয়েছে। বিভিন্ন যুব সংগঠনগুলো এই কাজে উৎসাহ দেখিয়েছে বলে সংগঠনের পক্ষ থেকে জানানো হয়েছে। গোমতী জেলার পাশাপাশি দক্ষিণ জেলাতেও এই অভিযান চলবে বলে জানা গেছে। আগামীকাল পর্যন্ত এই অভিযানের অঙ্গ হিসেবে নানা কর্মসূচি পালন করা হবে। সংগঠনের পক্ষ থেকে এক বিবৃতিতে এই খবর জানানো হয়েছে।

**Name of Newspaper : Pradibadi Kalam.**
**Date of Publication: 31st August, 2016, Wednesday.**

**Rally of Nehru Yuva Kendra on Swachhta Pakhowra.**

Nehru Yuva Kendra, Gomati District , Ministry of Youth Affairs & Sports, Govt. of India organised many activities as part of 'Swachta Pakhowra' in Gomati District and South Tripura District. From 16th to 31st August 2016 will continue this activities. Cleaning of Market, Houses, Anganwari, Club premises , Hospital etc. are the area of activities and running , cycle rally also were conducting.

# Himachal Pradesh

आपका फैसला

## चिल्ड्रन पार्क में की साफ-सफाई

सोलन, 23 अगस्त। नेहरू युवा केंद्र सोलन के सौजन्य से स्वच्छता अभियान पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत कम्प्यूटर प्रशिक्षण केंद्र सोलन द्वारा चिल्ड्रन पार्क में सफाई की गई। इस अभियान के बारे में जिला युवा समन्वयक ईरा प्रभात ने कहा कि प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत मीशन के अंतर्गत 16 से 31 अगस्त तक स्वच्छता पखंवाड़ा आयोजित किया गया है। अभियान में नेहरू युवा केंद्र के लेखाकार लेखराज कौशिक कम्प्यूटर प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षक रवींद्र शर्मा शारदा ममता मधुबाला रितीका, नर्मता, गीतांजलि, नवीन, सुषमा, रिता अनिता, पूजा, शिल्पा, समरीति ने इस अभियान में भाग लिया। इसी प्रकार 24 अगस्त को कलीन में भाग को उखाड़ने का कार्यक्रम रखा गया है।

शिमला, बुधवार, 24 अगस्त, 2016 15

## शहीद विजयंत थापर पार्क को संवारा

अर्की, 23 अगस्त। नेहरू युवा केंद्र ब्युटीशियन प्रशिक्षण केंद्र अर्की द्वारा वार्ड नं दो में स्वच्छता अभियान पखवाड़ा के तहत केंद्र की प्रशिक्षिका अनीता गुप्ता की अध्यक्षता में कारगिल युद्ध के महान शहीद कैप्टन विजयंत थापर



की प्रतिमा के आस-पास की साफ-सफाई की गई। इस अवसर पर प्रशिक्षु छात्राओं ने शहीद की प्रतिमा के आस-पास उगे घास के साथ-साथ शहीद विजयंत थापर पार्क में भी सफाई की। इस अवसर पर पूर्व जिला परिषद सदस्या तथा वार्ड की पार्षद आशा परिहार मुख्यातिथि थीं। उन्होंने केंद्र की प्रशिक्षु छात्राओं की सराहना करते हुए कहा कि हम इन महान शहीदों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई तथा रख-रखाव करके इनके प्रति अपना सम्मान प्रकट करते हैं। उन्होंने नेहरू युवा केंद्र के इन प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि एनवाईके सभी युवा क्लबों तथा प्रशिक्षण केंद्रों द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्रम करवाना समाज के प्रति सेवा की भावना को दर्शाते हैं।




अर्की में नेहरू युवा कैंद्र ब्यूटीशियन प्रशिक्षण कैंद्र की ओर से आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छता की शपथ लेते सदस्य।

## कारगिल शहीद की प्रतिमा के आसपास की सफाई

अर्की (सोलन)। नेहरू युवा कैंद्र ब्यूटीशियन प्रशिक्षण केंद्र अर्की ने वार्ड दो में अनीता गुप्ता की अध्यक्षता में कारगिल युद्ध के महान शहीद कैप्टन विजयंत थापर की प्रतिमा के आसपास सफाई की। इस अवसर पर पूर्व जिला परिषद सदस्या और वार्ड की पार्षद आशा परिहार मुख्यातिथि रहीं। इसके बाद प्रशिक्षु छात्राओं ने स्वच्छता की शपथ लेते हुए क्षेत्र तथा देश को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया।

दैनिक भास्कर 29/08/2016



# नेहरू युवा केंद्र ने रामशहर में उखाड़ी भांग

## नशा सामाजिक जहर है, जो नशा करता है उसका पतन होता है : धर्म सिंह



सरकार के भांग उन्मूलन अभियान के तहत नालागढ़ उपमंडल के रामशहर में भांग उखाड़ते लोग।

सिटी रिपोर्टर | नालागढ़

सरकार के भांग उन्मूलन अभियान के तहत नालागढ़ उपमंडल के रामशहर में नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में भांग उखाड़ो अभियान चलाया गया, जिसके तहत रामशहर व आसपास के क्षेत्रों में भांग उखाड़ी गई। सरकार के नशामुक्ति अभियान के तहत भांग उखाड़ो मुहिम के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में नायब तहसीलदार रामशहर धर्म सिंह, रामशहर थाना पुलिस के एएसआई बृज लाल, हैडकांस्टेबल मनोहर लाल, पुष्पा, रामशहर पंचायत प्रधान वीरेंद्र शर्मा, जसवंत सिंह शौंकी, डॉ. हरजीत सिंह सहित ब्यूटी पार्लर ट्रेनिंग सेंटर की अध्यापिका आशा चंदेल सहित विद्यार्थी व पुलिस कर्मी उपस्थित रहे। नायब तहसीलदार रामशहर धर्म सिंह ने कहा कि नशा एक सामाजिक जहर है, जो व्यक्ति नशा करता है, उसका आर्थिक, सामाजिक पतन होता है। उन्होंने कहा कि नशा किसी भी रूप में जहां व्यक्ति के शरीर के लिए घातक है, वहीं समाज के लिए भी यह नासूर है। उन्होंने कहा कि नशे का सेवन किसी भी रूप में नहीं करना चाहिए और नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहना चाहिए।

बिलासपुर केसरी 26 अगस्त 2016

# महिला मंडल ने मंदिर में की सफाई

शाहतलाई, 25 अगस्त (हिमल): झंडूता तहसील के तहत ग्राम पंचायत घंडीर के खबड़ी माता महिला मंडल कोलका की सदस्यों ने खबड़ी माता मंदिर में सफाई अभियान को अंजाम दिया। खबड़ी माता महिला मंडल कोलका की सचिव सुमन शर्मा ने बताया कि महिला मंडल की सदस्यों ने मंदिर के आसपास सफाई की और मंदिर के चारों ओर उगी घास को भी उखाड़ा।

इस मौके पर खबड़ी माता मंदिर के महंत रूपेश्वर गिरि, महिला मंडल प्रधान उर्मिला देवी, बबिता, सुषमा देवी, बर्फी देवी एवं सुशील कुमार भी उपस्थित रहे।



*शाहतलाई : खबड़ी माता मंदिर में साफ-सफाई करने के उपरांत महिला मंडल कोलका की सदस्य मंदिर के महंत रूपेश्वर गिरि के साथ सामूहिक चित्र में।* (हिमल)

बिलासपुर केसरी शनिवार SATURDAY 27 अगस्त 2016

# पर्यावरण सुरक्षा को किया पौधारोपण

बिलासपुर, 26 अगस्त (विशाल): घुमारवीं उपमंडल की तलवाड़ा पंचायत में शिव शक्ति महिला मंडल ने संपूर्ण स्वच्छता व पर्यावरण सुरक्षा अभियान चला रखा है। इसी अभियान के तहत महिला मंडल प्रधान नीलम कुमारी की अगुवाई में महिलाओं ने गांव के रास्तों, गलियों व नालियों की साफ-सफाई की। इन महिलाओं ने गांव में औषधीय पौधे भी लगाए। इस अभियान में महिला मंडल उपप्रधान संतोष कुमारी, सचिव मंजू बाला, कोषाध्यक्ष सुनीता, निशा कुमारी, पुष्पा, सुषमा, सीमा, कमलेश, मनोज, कश्मीरी, केसरी व सरोज ने सक्रिय भूमिका, वहीं शहीद अश्विनी कुमार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला झंडूता में स्कूल स्टाफ व विद्यार्थियों ने पीपल ईको क्लब के बैनर तले पौधारोपण किया।

स्कूल प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शर्मा की अगुवाई में किए गए इस पौधारोपण में अर्जुन व आंवला सहित अन्य कई औषधीय पौधे लगाए गए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ओ.पी. शर्मा ने पौधों के औषधीय गुणों व ईको क्लब प्रभारी दिनेश शर्मा ने पेड़-पौधों की उपयोगिता व पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की।



*बिलासपुर : तलवाड़ा पंचायत में शिव शक्ति महिला मंडल की सदस्याएं पर्यावरण सुरक्षा अभियान के तहत पौधारोपण करती हुईं।* (विशाल)

## गतवाड़ में महिलाओं और युवाओं ने छेड़ा भांग उखाड़ो अभियान

घुमारवीं(बिलासपुर)। विकास खंड घुमारवीं की ग्राम पंचायत गतवाड़ में नशा मुक्त समाज बनाने के अभियान के तहत पंचायत प्रधान तारा देवी की अध्यक्षता में भांग उखाड़ो अभियान चलाया गया। इसमें महिला मंडल लडयानी और युवक मंडल लडयानी के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर महिलाओं और युवकों ने पंचायत में उगे भांग के पौधों को उखाड़ा। इस अवसर पर महिला मंडल प्रधान सुनीता देवी, पंचायत उप प्रधान नवल बजाज, पंचायत सचिव वीरेंद्र सिंह, पंचायत वार्ड सदस्य, अजय शर्मा, सीमा, सुनील, शीतल देवी, तृप्ता देवी, आशा देवी, उर्मिला, प्यारो, संतोष, दीपिका, सत्य देवी, कौशल्या देवी, राजन देवी और सुमन सहित दर्जनों महिलाओं और युवाओं ने भाग लिया। ब्यूरो

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
Central Bank of India
क्षेत्रीय कार्यालय : एससीओ 58-59, सेक्टर-17बी, चंडीगढ़ 160017
शुद्धिपत्र
दिनांक 29.07.2016 को प्रकाशित ई-नीलामी बिक्री सूचना में, क्र.सं. 1 एवं 2 से ईएमडी जमा खाता विवरण को 3202324934 के स्थान पर 3202324935, सीबीआईएन0280412 पढ़ा जाए।
प्राधिकृत अधिकारी

अमर उजाला

## छटोल-जट्टा में उखाड़ी भांग

बरमाणा (बिलासपुर)। बैरी-रजादियां पंचायत के तहत छटोल-जट्टा में पंचायत प्रधान राजीव चंदेल की अध्यक्षता में भांग उखाड़ो अभियान शुरू किया गया। इसमें महिला मंडल और वार्ड सदस्यों भांग के पौधों को उखाड़ा। प्रधान राजीव चंदेल ने इस मौके पर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताया। साथ ही ग्रामीणों और युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश भी दिया। इस दौरान महिला मंडल प्रधान पुष्पा चंदेल, वार्ड सदस्या निशा देवी, स्वयं सहायता समूह की प्रधान शीला शर्मा, उर्मिला देवी, कांता देवी, निशा कुमारी, सुनीता देवी, रेखा देवी, राधिका और रतनी देवी सहित कई महिलाओं ने अभियान में भाग लिया।

## भांग उखाड़ो अभियान से जुड़े ग्रामीण

श्री नयना देवी जी (बिलासपुर)। ग्राम पंचायत तरसूह में ग्रामीणों ने भांग उखाड़ो अभियान शुरू किया गया। इसे गति देने के लिए तहसीलदार जसपाल शर्मा ने भी भाग लिया। इस मौके पर नेला गांव में युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताया गया। साथ ही युवाओं को कभी नशा न करने की सलाह दी गई। पंचायत प्रधान विजय कुमार और चौकी प्रभारी ग्वालथाई सुदर्शन शर्मा ने लोगों और युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर पटवारी सुभाष चंद, उपप्रधान बबल और वार्ड सदस्य निर्मला देवी सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बच्चों को दिलाई नशे से दूर रहने की शपथ





कलरी : नगर परिषद घुमारवीं की अध्यक्ष गीता महाजन की अध्यक्षता में भांग उखाड़ते कर्मचारी व (दाएं) ग्राम पंचायत सेऊ में ग्रामवासियों संग भांग उखाड़ते जनप्रतिनिधि। (सतीश)



बिलासपुर : बैरी–दड़ोलां में भांग उखाड़ो अभियान के तहत स्कूली बच्चे व जनप्रतिनिधि सामूहिक चित्र में। (विशाल)



बिलासपुर : बैरी–दड़ोलां में भांग उखाड़ो अभियान के तहत स्कूली बच्चे व जनप्रतिनिधि सामूहिक चित्र में। (विशाल)

## स्वारघाट स्कूल में भांग उखाड़ो अभियान के दौरान बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

स्वारघाट, 23 अगस्त (पवन): मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला स्वारघाट में भांग उखाड़ो अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री नयनादेवी जी के तहसीलदार जसपाल ने सर्वप्रथम विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव बताए।

उन्होंने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति को ही खोखला नहीं बनाता अपितु पूरे परिवार को उजाड़ कर रख देता है इसलिए नशे से हमेशा दूर रहना चाहिए। इसके पश्चात तहसीलदार द्वारा विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई गई व विद्यार्थियों ने 'नशा नाश का दूसरा नाम, बर्बादी करना उसका काम' जैसी स्लोगनों से सजी तख्तियां उठाकर जागरूकता रैली भी निकाली। कार्यक्रम के बाद तहसीलदार जसपाल सहित पुलिस थाना स्वारघाट से ए.एस.आई. रविंद्र कुमार, हैड कांस्टेबल भाग सिंह, स्थानीय पंचायत पदाधिकारियों में प्रधान कौशल्या देवी, उपप्रधान बालकृष्ण ठाकुर, अध्यापक वर्ग व विद्यार्थियों ने भांग उखाड़ो अभियान में अपना योगदान देते हुए राष्ट्रीय उच्च मार्ग के किनारे उगे भांग के पौधों को भी उखाड़ा।

## सीर खड्ड पुल के पास उगी भांग उखाड़ी

कलरी, 23 अगस्त (सतीश): नगर परिषद घुमारवीं में भांग उखाड़ने के अभियान को आगे बढ़ाते हुए नगर परिषद घुमारवीं में सीर खड्ड पुल के पास उगी भांग को उखाड़ा गया, जिसकी अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष गीता महाजन ने की। इस अवसर पर मुख्य रूप से नगर परिषद कार्यकारी अधिकारी संजय कुमार, पार्षद रीता बंसल, कुलदीप चौहान, महेंद्र ठाकुर, सतपाल शर्मा, श्याम लाल व हंसराज सहित अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया।

उधर, ग्राम पंचायत दधोल में आम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 50 ग्रामवासियों ने भाग लिया। इस आम सभा में पंचायत प्रधान बलदेव सिंह ने लोगों को नशे की बुराइयों बारे बताया। इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य बलवंत कमल, उपप्रधान पुरुषोत्तम, वार्ड पंच ब्रह्म दत्त, विद्यासागर, ग्राम सेविका इंदू व चौकीदार तिलक राज ने पंचायत के प्रांगण में आंवले का पौधा रोपित किया।

उधर, पंचायत पडयालग की प्रधान सुनीता देवी व उपप्रधान राजेश ठाकुर की अगुवाई में पंचायत प्रतिनिधियों व कर्मचारियों ने भांग उखाड़ी। इसी उपलक्ष्य पर सेऊ पंचायत में उपप्रधान सुधीर चंदेल की अध्यक्षता में भांग उखाड़ो अभियान चलाया गया। इस मौके पर वार्ड मैंबर विनय कुमार, रामपाल, गोदावरी, सलोचना, पंचायत सचिव दिला राम, स्वर्ण सिंह, ललित, विपिन चंदेल व जग्गी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## बी.डी.ओ. ने बताए भांग के दुष्परिणाम

बरठीं (देसराज): राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बलोह में भांग उखाड़ो पौधे लगाओ अभियान चलाया गया, जिसमें विकास खंड अधिकारी झंडूता प्रकाश चंद विशेष रूप से उपस्थित हुए। इस अवसर पर बी.डी.ओ. झंडूता ने भांग के दुष्परिणामों के बारे में अवगत करवाया और भांग के पौधों को नष्ट किया गया।

इस मौके पर पंचायत प्रधान परमजीत धीमान सहित पाठशाला का स्टाफ व वन विभाग के अधिकारी शामिल रहे।

उधर, ग्राम पंचायत समोह के महिलामंडल टांगरा की महिलाअ ने भांग उखाड़ो अभियान के तह टांगरा व आसपास के गांवों में फैल भांग को नष्ट किया। भांग उखाड़ अभियान में महिलामंडल की प्रधा आशा देवी, शैलजा शर्मा, कमलेश कुमारी, गीता, अनीता, माया, मीना सुषमा, वंदना व आशा सहित चमन चौधरी ने भी भाग लिया।

**बिलासपुर (विशाल):** ग्राम पंचायत बैहना जट्टां ने भी भांग उखाड़ अभियान शुरू कर दिया है। पंचायत प्रधान विक्रमा देवी की अगुवाई मे चल रहे इस अभियान में पंचायत प्रतिनिधियों सहित स्थानीय लोगो व स्कूली बच्चों ने पंचायत क्षेत्र व स्कूल के आसपास उगी भांग को उखाड़ा। इस अभियान में पंचायत उपप्रधान राज कुमार, वार्ड सदस्य मनमोहन, अच्छरू राम, माया देवी, इंद्रा देवी, रोशनी देवी, सुनील कुमार व सुनील लता भी शामिल रहीं।

**वहीं,** घुमारवीं के कुठेड़ा कस्बे में संपूर्ण स्वच्छता अभियान के तहत सफाई व भांग उखाड़ो कार्यक्रम ग्राम पंचायत कुठेड़ा की प्रधान सुमन देवी की अध्यक्षता में किया गया जबकि एस.डी.एम. घुमारवीं आदित्य नेगी भी इस अभियान में विशेष रूप से मौजूद रहे।

इस अभियान के तहत कुठेड़ा कस्बे में भांग के पौधों को उखाड़ा गया, वहीं इधर-उधर बिखरे पॉलीथीन के कचरे को भी एकत्रित कर वैज्ञानिक विधि से निपटाया गया। इस अभियान में व्यापार मंडल कुठेड़ा के प्रधान राकेश सोनी, डी.एस.पी. घुमारवीं अंजनि जस्वाल व बी.डी.सी. सदस्य निशू कुमारी सहित सभी पंचायत सदस्यों, युवक मंडल व महिला मंडल सदस्यों व अन्य स्थानीय लोगों ने भाग लिया।

दैनिक जागरण धर्मशाला, 28 अगस्त 2016

# हिम युवा मंडल के सदस्यों ने उखाड़ी भांग

ऊना : नेहरू युवा केंद्र ऊना की ओर से चलाए गए स्वच्छता अभियान के तहत हिम युवा मंडल एवं युवा विकास केंद्र सिंगा के सदस्यों द्वारा शनिवार को सिंगा गांव में भांग उखाड़ो अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में मौजूद सदस्यों को गांव को स्वच्छ रखने के लिए शपथ भी दिलाई गई। उसके पश्चात सिंगा के स्कूल मैदान व गांव में अलग-अलग जगहों पर भांग उखाड़ी गई। हिम युवा मंडल एवं युवा विकास केंद्र सिंगा के प्रधान भरत सिंह राणा ने मंडल के सदस्यों का आह्वान किया कि वे प्रतिदिन सिंगा गांव में विभिन्न जगहों पर स्वच्छता अभियान के तहत भांग उखाड़े। इस अभियान में पटवारी अनूप कुमार, पंचायत सचिव रमन कुमार, पंचायत प्रधान सुषमा देवी, उप प्रधान मोहन लाल, वार्ड सदस्य सुनीता कुमारी, जगतार सिंह, मनजीत कौर, मुख्त्यारी देवी, बिमला कुमारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता राज कुमारी, राज रानी, सुषमा, प्रेम लता, नीशा देवी, युवा मंडल के सदस्य भूपिंद्र सिंह, आकाश, दीपू आदि मौजूद रहे।

अमर उजाला ऊना
धर्मशाला | सोमवार | 29 अगस्त 2016

## धुंधला में भी चला अभियान

बंगाणा : पंचायत धुंधला के महिला मंडल, यूथ डायमंड क्लब, पंचायत सदस्यों ने मिलकर भांग उखाड़ी। इस मौके पर पंचायत प्रधान संजीत शर्मा, महिला मंडल की प्रधान चंचला देवी, डायमंड यूथ क्लब के प्रधान सुनील कानूनगो, बलविंद्र सिंह, अशोक कुमार, कमल किशोर, अंचना देवी, सुनीता खुलर, सचिव जयराम आदि सदस्य मौजूद रहे।



धुंधला में डायमंड यूथ क्लब के सदस्य व पंचायत के लोग भांग उखाड़ने के दौरान।(मध्य

दैनिक
सबसे खबर ले, सबको खबर दे
न्याय सेतु
7
...गारों से अपील है कि भुगतान नहीं किए गए ...रें और जल्दी घर वापस आ जाएं। वापस आने
-सुषमा स्वराज, विदेश मंत्री
विक्रमी संवत 2073, 8 प्रविष्टे (भाद्रपद मास)
हमीरपुर, मंगलवार 23 अगस्त, 2016
हिमाच...

## नेहरू युवा केंद्र ने धुसाड़ा में चलाया सफाई अभियान

ऊना. नेहरू युवा केंद्र ऊना द्वारा चलाए जा रहे 16 से 31 अगस्त तक स्वच्छता पखवाड़ा के तहत अंबेडकर युवा क्लब धुसाड़ा द्वारा सोमवार को गांव धुसाड़ा में सफाई अभियान चलाया गया। इसमें गांव के रास्ते की झाड़ियां काटी गई व रास्ते के इर्द-गिर्द भांग को जड़ से उखाड़ा गया। इस अवसर पर युवा क्लब के प्रधान भुपिंद्र कुमार ने कहा कि स्वच्छता पखवाड़ा के तहत अंबेडकर युवा क्लब धुसाड़ा 4 दिन तक सफाई अभियान चलाया जाएगा। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक शुभम जस्सल व सचिन राय और क्लब के अन्य युवा मौजूद थे।

धर्मशाला, सोमवार, 29 अगस्त, 2016
III
दिव्य हिमाचल
divyahimachal.com

एक नजर

## नेहरू युवा केंद्र सासण ने उखाड़ा नशा



ऊना – नेहरू युवा केंद्र सासण ने रविवार को भांग उखाड़ो अभियान चलाया। पूरे गांव में युवाओं ने भांग को जड़ से उखाड़ फेंका। युवाओं ने गांव के मुख्य मार्ग के तीखे मोड़ पर उगी लंबी-लंबी भांग को भी जड़ से उखाड़ फेंका। युवाओं के सहयोग से इनकी सफाई की गई। अभियान में गुरदीप मान, इकबाल सिंह, राजेश, करण, मिंटू, सतनाम, प्रदीप, निर्मल, साहिल, दिनेश आकाश, विशाल राणा, लाड़ी सहित अन्य युवा शामिल थे।